पाठ 2

# संख्याओं का मिलन




## खेलो खेल–

इस खेल को बच्चे 4–4 के समूह में खेलें। कागज की एक समान चार पर्चियाँ बनाएँ। इन पर्चियों में एक पर बादशाह–2000, दूसरी पर वजीर–1500, तीसरी पर सिपाही–1000 और चौथी पर चोर–500 लिखें।

अब इन चारों पर्चियों को मोड़कर आपस में मिलाएँ। मिलाने के बाद इनको जमीन पर फेकें। समूह के सभी बच्चे एक–एक पर्ची उठाएँ। बादशाह की पर्ची वाला बच्चा पूछे – वजीर! वजीर!

जिसके पास वजीर वाली पर्ची हो वह बच्चा कहे – जी हजूर! फिर बादशाह कहे– इन दोनों में पकड़ो चोर।

यदि वजीर सही चोर बताए तो उसे 1500 अंक मिलेंगे। यदि गलत बताए तो सिपाही को वजीर के अंक और वजीर को सिपाही के अंक मिलेंगे।



बच्चे मिले अंकों की सारिणी निम्नवत बनाएँ–

| खेलने वाले बच्चों के नाम→ | रोली | शानू | आदिल | माया |
|---|---|---|---|---|
| पहली बार | 1500 | 2000 | 1000 | 500 |
| दूसरी बार | 500 | 1000 | 1500 | 2000 |
| तीसरी बार | ........ | ........ | ........ | ........ |

अंत में खेल खत्म होने पर सभी बच्चों के अंक जोड़ें। सबसे अधिक अंक वाला बच्चा जीतेगा।

## आओ देखें

दो बार खेलने पर आदिल को कुल अंक मिले– 1000 और 1500

आओ, इन अंकों को जोड़ें –

```
          1 0 0 0
        + 1 5 0 0
आदिल को मिले  2 5 0 0
```

इसी प्रकार रोली, माया और शानू को मिलने वाले अंकों को जोड़ो।




## अब बताओ–

- सबसे ज्यादा अंक किसे मिले?
- सबसे कम अंक किसे मिले?
- यदि बादशाह के अंक 3000, वजीर के अंक 2000, चोर के अंक 500 तथा सिपाही के अंक 1500 होते हो बच्चों को कितने अंक मिलते ?

इस खेल को कई बार अंक बदल–बदल कर खेलने का अवसर दें। जोड़ की क्रिया करते समय हासिल की अवधारणा स्पष्ट कर कार्यपुस्तिका पर अभ्यास कराएँ।

अब तुम बताओ–

4345 ईंटें और 3898 ईंटें मिलकर कितनी ईंटें होंगी?

आओ जोड़ें –

| ह० | सै० | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 4 | 5 |
| +3 | 8 | 9 | 8 |
| | | | |

| ह० | सै० | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| | | ① | |
| 4 | 3 | 4 | 5 |
| +3 | 8 | 9 | 8 |
| | | | ①3 |

**इकाई को जोड़ें** 5+8 = 13 = 1 दहाई, 3 इकाइयाँ। 3 इकाइयों को इकाई के स्तम्भ में नीचे लिखें। 1 दहाई को हासिल के रूप में दहाई के स्तम्भ में ऊपर लिखें।

| ह० | सै० | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| | ① | ① | |
| 4 | 3 | 4 | 5 |
| +3 | 8 | 9 | 8 |
| | | ①4 | ①3 |

**दहाई को जोड़ें** 1+4+9=14 = 1 सैकड़ा, 4 दहाइयाँ। 4 दहाइयों को दहाई स्तम्भ में नीचे लिखें। 1 को हासिल के रूप में सैकड़े के स्तम्भ में ऊपर लिखें।

| ह० | सै० | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| ① | ① | ① | |
| 4 | 3 | 4 | 5 |
| +3 | 8 | 9 | 8 |
| | ①2 | ①4 | ①3 |

**सैकड़े को जोड़ें** 1+3+8 = 12 = 1 हजार, 2 सैकड़े। 2 सैकड़े को सैकड़े के स्तम्भ में नीचे लिखें। 1 को हासिल के रूप में हजार के स्तम्भ में ऊपर लिखें।

| ह० | सै० | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| ① | ① | ① | |
| 4 | 3 | 4 | 5 |
| +3 | 8 | 9 | 8 |
| 8 | 2 | 4 | 3 |

**हजार को जोड़ें** 1+4+3 = 8 हजार। 8 को हजार के स्तम्भ में नीचे लिखें।


कुल 8243 ईंटें हुईं।

| ह० | सै० | द० | इ० | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | | |
| 4 | 3 | 4 | 5 | |
| +3 | 8 | 9 | 8 | |
| 8 | ①2 | ①4 | ①3 | =8243 |



**आओ खेलें–**

एक घनाकार गुटके के सभी छह पृष्ठों पर चार अंकों की संख्याएँ लिखें। तीन बच्चों से गुटका उछालकर खेलने को कहें। तीनों बच्चे दो–दो बार गुटके को उछालें। अब गुटके के ऊपरी पृष्ठ पर लिखी संख्या को कॉपी पर लिखकर जोड़ें। जिस बच्चे के जोड़ की संख्या ज्यादा होगी वह विजेता होगा। तीनों बच्चों के अंक नीचे लिखे हैं। उन्हें जोड़कर बताओ–




| पहले बच्चे के अंक | दूसरे बच्चे के अंक | तीसरे बच्चे के अंक |
|---|---|---|
| 2573 | 4875 | 3829 |
| +1234 | + 2634 | + 1432 |
| ______ | ______ | ______ |


- इस खेल को अपने साथियों के साथ भी खेलो।

## अभ्यास


1. जोड़ कर देखो–




2. चित्र में खाली स्थान भरो–




3. नीचे बस के दो टिकट हैं, उन पर लिखे मूल्यों को जोड़कर बताओ।



4. एक स्कूल में 377 लड़के तथा 567 लड़कियाँ हैं। स्कूल में कुल कितने बच्चे हैं ?

5. एक हलवाई की दुकान में 3409 पीले लड्डू तथा 5029 सफेद लड्डू हैं। बताओ दुकान में कुल कितने लड्डू हैं ?

6. बतख के पेट में छूटे अंकों को पूरा करो –




**प्रोजेक्ट कार्य–**

- बच्चे अपने घर में पैकेट वाले सामान पर लिखे दाम को देखें और अपनी कॉपी पर लिखें।
- किन्हीं पाँच सामान के दाम लिखें और जोड़कर बताएँ कि उनका कुल मूल्य क्या हुआ?
- खाली पैकेट को भी काटकर (जहाँ दाम लिखा हो) अपनी प्रोजेक्ट कॉपी पर चिपकाएँ।



अपने आप - एक

# घटते-बढ़ते जोड़ो जोड़



1. क्या तुमने कभी 1 से 20 तक की संख्याओं का जोड़ किया है? आओ क्रमिक (लगातार आने वाली) संख्याओं को जोड़ने का एक आसान तरीका देखते हैं। पहले एक पंक्ति में 1 से 10 तक लिखेंगे बढ़ते क्रम में। फिर दूसरी पंक्ति में 20 से 11 तक लिखेंगे घटते क्रम में।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 + | 2 + | 3 + | 4 + | 5 + | 6 + | 7 + | 8 + | 9 + | 10 |
| 20 + | 19 + | 18 + | 17 + | 16 + | 15 + | 14 + | 13 + | 12 + | 11 |
| 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 + | 21 |

**क्या पाते हो –** हर जोड़े का योग 21 है। इस तरह के 10 जोड़े हैं। तुम जानते हो कि बार–बार जोड़ की क्रिया ही गुणा है। अतः 21 X 10 = 210

1 से 20 तक की संख्याओं का योग 210 है।

**अब तुम भी करके देखो**

- 1 से 10 तक की संख्याओं का योग
- 1 से 12 तक की संख्याओं का योग
- 1 से 50 तक की संख्याओं का योग

2. संख्याओं का क्रम पता करो और आगे बढ़ाओ–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1 | 2 | 1 | 2 | – | – | – |
| (ख) | 16 | 21 | 26 | 31 | – | – | – |
| (ग) | 98 | 100 | 102 | 104 | – | – | – |
| (घ) | 101 | 111 | 121 | 131 | – | – | – |
| (ङ) | 101 | 201 | 301 | 401 | – | – | – |

3. तुम भी इसी तरह की संख्याओं के क्रम बनाओ।